न्यूनतम मूल्य सिफारिश का स्वागत



नयी दिल्ली, चाय उद्योग के पांच संगठनों ने बुधवार को सरकार द्वारा गठित समिति की चाय के लिए न्यूनतम टिकाऊ मूल्य (एमएसपी) लागू करने की सिफारिश का स्वागत किया। संगठनों का कहना है कि उत्पादन लागत में, चाय उत्पादकों को मिलने वाली कीमतों की तुलना में, कहीं अधिक तेजी से वृद्धि हो रही है। भारतीय चाय बोर्ड द्वारा गठित 10 सदस्यीय समिति ने मजदूरी में बदलाव और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के संयुक्त सूचकांक से जुड़े एक मानक मूल्य का प्रस्ताव दिया है। इसमें लागत और महंगाई के अनुरूप कीमतों को बनाए रखने के लिए समय-समय पर समीक्षा करने का भी सुझाव दिया गया है इन संगठनों ने वाणिज्य मंत्रालय से न्यूनतम टिकाऊ मूल्य को जल्द से जल्द अधिसूचित करने का आग्रह किया है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय उत्पादक देश है। यहां सालाना लगभग 1,350 से 1,400 करोड़ किलोग्राम चाय का उत्पादन होता है। इसमें छोटे चाय उत्पादकों की हिस्सेदारी करीब 55 प्रतिशत है। उद्योग संगठनों ने एक बयान में कहा कि चाय की कीमतों में सालाना औसतन लगभग दो से तीन प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है, जबकि उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं और सेवाओं की लागत में हर साल अनुमानित 10 से 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मजदूरी लागत पर सबसे अधिक दबाव है और यह कुल उत्पादन लागत का लगभग 60 प्रतिशत है।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश घटा

मुंबई, इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश अक्टूबर में करीब 14 प्रतिशत घटकर 32,994 करोड़ रुपये रह गया जबकि सितंबर में यह 38,306 करोड़ रुपये था। म्यूचुअल फंड उद्योग निकाय एम्फी ने बुधवार को यह जानकारी दी। हालांकि, इक्विटी श्रेणी में लगातार 60वें महीने शुद्ध निवेश आया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, बाजार में गिरावट के कारण इक्विटी योजनाओं की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) सितंबर के 37.54 लाख करोड़ रुपये से घटकर 30 अक्टूबर को 37.14 लाख करोड़ रुपये रह गईं।

रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 93.71 प्रति डॉलर पर



मुंबई/रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे मजबूत होकर 93.71 पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी के निरंतर प्रवाह, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में नरमी की संभावना से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजार के आठ महीने के उच्च स्तर पर पहुंचने, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की लिवाली से रुपये को मजबूती मिली। हालांकि, डॉलर में मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेजी ने रुपये की बढ़त को सीमित रखा। अमेरिका में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति उम्मीद से अधिक रहने के कारण डॉलर मजबूत हुआ। इससे दिसंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में वृद्धि की संभावना बढ़ गई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.71 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.63 के उच्च स्तर तक गया और 93.88 के निचले स्तर तक आया। अंत में रुपया 93.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले छह पैसे की बढ़त है। 'दिवाली बलिप्रतिपदा' के अवसर पर मंगलवार को घरेलू शेयर और मुद्रा बाजार बंद रहे थे। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे चढ़कर 93.77 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि घरेलू बाजारों में मजबूती और विदेशी पूंजी के प्रवाह से रुपये में सकारात्मक रुख बना रहेगा। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट भी रुपये को समर्थन दे सकती है। हालांकि, बेहतर मुद्रास्फीति और रोजगार आंकड़ों के बीच डॉलर में मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि रुपये की तेज बढ़त को सीमित कर सकती है।'' उन्होंने कहा कि बुधवार को अमेरिका में 'वेटरन्स डे' के अवकाश के कारण बैंक बंद रहेंगे। उनके अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपये की हाजिर विनिमय दर 93.40 से 93.95 के दायरे में रह सकती है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.27 प्रतिशत बढ़त के साथ 102.50 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव वायदा कारोबार में 1.01 प्रतिशत बढ़कर 92.41 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने बुधवार को शुद्ध रूप से 12,563.33 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

दीपावली बाद सोना और चांदी में गिरावट



नयी दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। दिवाली की छुट्टियों के कारण कारोबार सुस्त रहने से सोना 800 रुपये टूटकर 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार के कारोबारी सत्र में 1,46,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को इसकी कीमत 800 रुपये घटकर 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। चांदी की कीमतें भी दो सत्र तक स्थिर रहने के बाद नीचे आईं। यह 5,000 रुपये लुढ़ककर 1,87,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि मंगलवार को इसका भाव 1,92,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''दिवाली की छुट्टियों के दौरान घरेलू कारोबार सुस्त रहने और कई स्थानीय बाजार बंद होने के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।'' उन्होंने कहा कि लगातार बनी महंगाई और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त मौद्रिक रुख के संकेतों से कीमती धातुओं का परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है। इससे डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल ऊंचा रह सकता है, जिससे सोने की कीमतों में तेजी की संभावनाएं सीमित होंगी। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,047.71 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी करीब तीन प्रतिशत बढ़कर 52.86 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि पिछले कारोबारी सत्र में तेज गिरावट के बाद हाजिर सोना 4,051 डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर होने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रम भी बाजार के केंद्र में रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान के बाद कि संघर्ष अब खत्म हो चुका है, अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध प्रभावी रूप से समाप्त होने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की संभावनाएं बढ़ी हैं।

नमो भारत कॉरिडोर के यात्रियों की संख्या पांच करोड़ के पार

नयी दिल्ली नमो भारत कॉरिडोर में यात्रियों की संख्या पांच करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के अनुसार, एक करोड़ यात्रियों ने पिछले 93 दिन में इसके जरिये यात्रा की। यह अक्टूबर, 2023 में इस सेवा के शुरू होने के बाद से एक करोड़ के आंकड़े का सबसे कम समय है। एनसीआरटीसी ने बताया कि पिछले एक साल में कॉरिडोर पर तीन करोड़ से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। दिसंबर, 2025 में यात्रियों की कुल संख्या दो करोड़ थी, जो नवंबर, 2026 में बढ़कर पांच करोड़ हो गई। निगम के अनुसार, 21 अक्टूबर, 2023 को साहिबाबाद-दुहाई डिपो के बीच 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता खंड पर परिचालन शुरू होने के बाद पहले एक करोड़ यात्री सफर पूरे होने में 574 दिन लगे थे। इसके बाद दो करोड़ का आंकड़ा 211 दिन, तीन करोड़ का आंकड़ा 143 दिन और चार करोड़ का आंकड़ा 101 दिन में पूरा हुआ। एनसीआरटीसी ने बताया कि कॉरिडोर पर अगस्त में 35.25 लाख यात्रियों ने यात्रा की। औसत दैनिक यात्रियों की संख्या 1.13 लाख रही। इस दौरान 28 अगस्त को एक दिन में सर्वाधिक 1,68,666 यात्रियों ने सफर किया। पूरे नमो भारत कॉरिडोर और मेरठ मेट्रो का परिचालन इस साल 22 फरवरी को शुरू हुआ था। यह नेटवर्क दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ को जोड़ता है।

सहकारी समितियों से दूग्ध उत्पाद खरीदने की अनुमति

शिमला, हिमाचल प्रदेश सरकार ने सरकारी विभागों और संस्थानों को हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ (मिल्कफेड) और अन्य सहकारी समितियों से दूध एवं दुग्ध उत्पाद खरीदने की अनुमति दे दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक सरकारी प्रवक्ता ने बयान में कहा कि इस पहल से सहकारी डेयरी क्षेत्र को मजबूती मिलेगी, हजारों डेयरी किसानों को अपने उत्पाद बेचने के लिए सुनिश्चित बाजार मिलेगा और संस्थागत खरीद के माध्यम से उनकी आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मिल्कफेड के अलावा चार डेयरी सहकारी समितियों को भी इस पहल का लाभ मिलेगा। इनमें बिलासपुर जिले के नम्होल स्थित कामधेनु हितकारी मंच और केहलूर मिल्क प्रोड्यूसर कोऑपरेटिव सोसायटी, सोलन जिले के पपलोटा स्थित गौ अमृत दुग्ध उत्पादक सोसायटी तथा दाड़लाघाट स्थित अमृत धारा डेयरी कोऑपरेटिव सोसायटी शामिल हैं।

बैंक खाता न होने पर भी एनईएफटी से 50,000 रुपये तक भेजे जा सकेंगे - आरबीआई



मुंबई,/ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को घरेलू धन हस्तांतरण (डीएमटी) से जुड़े नियमों को एकीकृत करते हुए नए दिशानिर्देश जारी किए। इसके तहत बैंक शाखा में आने वाला कोई भी व्यक्ति कोई बैंक खाता न होते हुए भी एनईएफटी के जरिये किसी लाभार्थी के बैंक खाते में 50,000 रुपये तक भेज सकेगा आरबीआई ने कहा कि इसका उद्देश्य घरेलू धन हस्तांतरण से जुड़े मौजूदा निर्देशों को एकीकृत और सुव्यवस्थित करना है। यह व्यवस्था खासकर उन लोगों के लिए छोटे मूल्य के धन हस्तांतरण को औपचारिक बैंकिंग माध्यमों से सुगम बनाने के लिए शुरू की गई थी, जिनके पास पहचान या पते का प्रमाण नहीं होने के कारण बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच सीमित है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि डीएमटी से संबंधित नए दिशानिर्देश बुधवार से ही लागू हो गए हैं। इनसे प्रवासी श्रमिकों को खास फायदा होने की संभावना है। आरबीआई के मुताबिक, बैंक ऐसे ग्राहकों को बैंकिंग प्रतिनिधियों (बीसी) और एटीएम के जरिये भी किसी लाभार्थी के बैंक खाते में पैसे भेजने की सुविधा दे सकते हैं। इसके तहत प्रति लेनदेन अधिकतम 5,000 रुपये और एक प्रेषक के लिए मासिक सीमा 25,000 रुपये होगी। आरबीआई ने कहा कि बैंक अपने खाताधारकों को भी ऐसी सुविधा दे सकते हैं, जिसके तहत उनके खाते से राशि निकालकर बिना बैंक खाते वाले लाभार्थियों को नकद भुगतान किया जा सके। यह सुविधा एटीएम, बैंकिंग प्रतिनिधियों या अन्य अधिकृत भुगतान माध्यमों से दी जा सकती है। इस नकद भुगतान सुविधा के तहत प्रति लेनदेन अधिकतम 10,000 रुपये तक का नकद भुगतान किया जा सकेगा। हालांकि, एक लाभार्थी के लिए इसकी मासिक सीमा 25,000 रुपये होगी। इसके साथ ही आरबीआई ने स्पष्ट किया कि एक कार्ड से दूसरे कार्ड में होने वाले धन हस्तांतरण इन दिशानिर्देशों के दायरे में नहीं आएंगे। केंद्रीय बैंक ने बैंकों और गैर-बैंकिंग संस्थाओं को इन सुविधाओं के तहत खातों में जमा होने वाली रकम पर निगरानी रखने के लिए मजबूत सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा है। इसमें लेनदेन की आवृत्ति पर नजर रखने और ग्राहकों को उनके खातों में राशि जमा होने की सूचना देने जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। आरबीआई ने कहा कि किसी खाते या खातों के समूह में जमा लेनदेन की संख्या में असामान्य वृद्धि की तत्काल जांच की जानी चाहिए और संदिग्ध लेनदेन की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी जानी चाहिए। केंद्रीय बैंक के मुताबिक, इस सुविधा के तहत धनराशि का हस्तांतरण वास्तविक समय में या उसके करीब किया जाएगा।

नेस्ले ने सभी प्रोडक्ट में वॉल्यूम के आधार पर मजबूत वृद्धि दर्ज की

नयी दिल्ली नतीजों पर टिप्पणी करते हुए, नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, मनीष तिवारी ने कहा मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस तिमाही में सभी प्रोडक्ट ग्रुप्स में मजबूत और व्यापक ग्रोथ का सिलसिला जारी रहा। कंपनी की कुल बिक्री 6,782.2 करोड़ रही, जिसमें 20.5त्न की वृद्धि दर्ज की गई। इस वृद्धि को मजबूत, दोहरे अंकों वाली वॉल्यूम ग्रोथ का सहारा मिला। हमने अपने ब्रांड्स में निवेश को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने के साथ-साथ अपने ऑपरेशंस में दक्षता बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान विज्ञापन और मार्केटिंग पर खर्च में 46त्न की वृद्धि हुई। बढ़ती महंगाई, खासकर खाद्य महंगाई, एक वास्तविकता है। हम लगातार नए इनोवेशन और मौजूदा प्रोडक्ट्स में सुधार, अपने ब्रांड्स में निरंतर निवेश तथा उत्पादकता और ऑपरेशनल एफिशिएंसी पर और अधिक ध्यान देकर इन बाहरी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे कमोडिटी की बढ़ती लागत के दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में असाधारण प्रतिबद्धता, मजबूती और काम को प्रभावी ढंग से पूरा करने पर निरंतर ध्यान बनाए रखने के लिए मैं अपनी टीमों का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। नेस्ले इंडिया में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता, उपभोक्ताओं के विश्वास की नींव हैं। मुझे अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में काम करने वाले सहयोगियों की अटूट प्रतिबद्धता पर गर्व है। मैं उन्हें सानंद और पोंडा फैक्ट्रियों के लिए फूड सेफ्टी एंड क्वालिटी अवॉर्ड्स तथा समालखा फैक्ट्री के लिए नेस्ले ग्लोबल क्वालिटी अवॉर्ड प्राप्त करने पर बधाई देना चाहता हूं। ये सम्मान हर दिन लाखों उपभोक्ताओं तक सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं। कन्फेक्शनरी प्रोडक्ट ग्रुप ने एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन करते हुए वॉल्यूम के दम पर दोहरे अंकों में ग्रोथ दर्ज की। पाउडर्ड और लिक्विड बेवरेजेज़ प्रोडक्ट ग्रुप ने एक बार फिर वॉल्यूम के दम पर मजबूत ग्रोथ दर्ज की। इस प्रदर्शन को घरों तक निरंतर बढ़ती पहुंच, प्रोडक्ट्स को अधिक किफायती बनाने और कॉफी पोर्टफोलियो में लगातार प्रीमियमाइजेशन से बल मिला। ब्रांड में हमारा निरंतर निवेश, कैटेगरी की पहुंच बढ़ाने और प्रीमियमाइजेशन को गति देने पर दोहरे फोकस के साथ, इस कैटेगरी की उपभोक्ताओं के बीच प्रासंगिकता को और मजबूत कर रहा है तथा दीर्घकालिक विकास के हमारे लक्ष्यों को आगे बढ़ा रहा है नेस्ले प्रोफेशनल ने अपनी मजबूत विकास गति को बरकरार रखते हुए वॉल्यूम के दम पर दोहरे अंकों में शानदार वृद्धि दर्ज की। इस प्रदर्शन को प्रीमियम उत्पादों, ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप समाधान और घर से बाहर खाने-पीने के क्षेत्र में ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने वाले नए और उपयोगी विकल्पों से बल मिला। ई-कॉमर्स में भी मजबूत वृद्धि का सिलसिला जारी रहा। इसमें ग्राहकों के साथ निरंतर जुड़ाव, प्रोडक्ट पोर्टफोलियो की व्यापकता और प्रत्येक चैनल के अनुरूप प्रभावी रणनीति की अहम भूमिका रही। जनरल ट्रेड में सभी श्रेणी के शहरों और कस्बों में दोहरे अंकों की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, जिसे ग्रामीण बाजारों में बेहतर प्रदर्शन से गति मिली। ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण केंद्रों का लगातार विस्तार होने से उपभोक्ताओं तक हमारी सीधी पहुंच बढ़ी और बाजार में हमारी मौजूदगी और मजबूत हुई। डिजिटलाइजेशन हमारे बिजनेस के विभिन्न कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने में लगातार अहम भूमिका निभा रहा है। रिटेलर्स के लिए नेस्टमित्र की सफलता के बाद, अब हम डेटा-आधारित डिजिटल टूल्स सीधे अपनी सेल्स टीमों को उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे वे तेजी से निर्णय ले सकें और बाजार में अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकें। हमारा सेल्स ऑफिसर ऐप सैकड़ों सेल्स अधिकारियों को लगभग रियल-टाइम मार्केट इनसाइट्स उपलब्ध कराता है, जिससे उन्हें नए अवसरों की पहचान करने और ग्राहकों के साथ जुड़ाव बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र का नाम अव्यान से बदलकर अव्यान कुमार रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को अव्यान कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए। अनूप कुमार पुत्र राम स्वरूप निवासी 28/28, राहुल विहार, मानस एन्क्लेव, चांदन, लखनऊ।

सूचना

मैने अपना नाम RAM LAKSHMAN से बदलकर LAKSHMAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM PIYARE ADD-BABHANAULI BELGHAT DIST-GORAKHPUR-273404 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम DAKSH AVIJAY से बदलकर DAKSH PANDEY रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SANTOSH KUMAR PANDEY ADD-D-1/300, VIBHAV KHAND, GOMTINAGAR DIST-LUCKNOW-226010 (U.P.)

सूचना

मैं MAHTAB पुत्र TAUFEEK निवासी VILL POST-SARANWA DISTT-SULTANPUR UTTAR PRADESH-228171 का हूं मैने अपना नाम MAHETAB से बदलकर MAHTAB रख लिया है अब भविष्य में मुझे MAHTAB के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

मैने अपना नाम MANGAL VARMA से बदलकर MANGAL MAHIPAL VARMA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MAHI PAL ADD-99 KHANPUR PEER ALI VTC ASIWATARAPH PO-RASULABAD DIST-UNNAO-241503 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम ARVIND YADAV से बदलकर ARVIND KUMAR YADAV रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। C/0-DEVI CHARAN ADD-PLOT No-2 AND-3, SARASWATIPURAM, KHARGAPUR, GOMTINAGAR DIST-LUCKNOW-226010 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम KARAMAT HUSAIN से बदलकर KARAMAT HUSSAIN MAQBOOL HUSSAIN KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MAQBOOL HUSSAIN MOHD ISLAM KHAN ADD-LALAJOT PO-KHAJURIA DIST-BALRAMPUR-271604 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम MOHAMMAD UVAIS से बदलकर MOHD UWAIS रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-EHATISHM ADD-AVADH ENDAVE COLONY, SIKORORI, HARDOI ROAD, NEAR BABY MARTIN SCHOOL DIST-LUCKNOW-227107 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम MOHAMMED ISTEHYAK ABDUL GAFFAR से बदलकर MOHD ISTIYAK रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ABDUL GAFFAR ADD-MOHAMMADABAD URF KALAKANKAR, ALAPUR PO: KALAKANKAR, DIST-PRATAPGARH-229408 (U.P.)

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी का नाम मो0 युसूफ पुत्र अजीमुल्ला शेख अंकित था। अब शपथी ने अपना नाम मो0 युसूफ पुत्र अजीमुल्ला करा लिया है जोकि सही है तथा इस नाम से लोग शपथी को जानते व पहचानते है। शपथी-मो0 युसूफ पुत्र अजीमुल्ला निवासी ग्राम मुसाहेब गंज मानापार बहेरिया थाना रेहरा बाजार परगना व तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**: कालीमाटी रोड

वर्ष-38 संख्या-132562
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313
aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

चयन करो ने मनाया दीपावली उत्सव

नयी दिल्ली टेक्नोलॉजी आधारित होम सर्विसेज स्टार्टअप और भारत के पहले चॉइस-बेस्ड होम सर्विस प्लेटफॉर्म चयन करो ने अपने चयन साथियों और टीम सदस्यों के योगदान एवं समर्पण को सम्मानित करने के लिए एक विशेष दीपावली समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उनके प्रयासों की सराहना, सम्मान, सांस्कृतिक गतिविधियों और आपसी मेलजोल के माध्यम से उत्सव का माहौल देखने को मिला। इस पहल के माध्यम से ने अपने सर्विस प्रोफेशनल्स के प्रयासों को पहचानने और उनके विकास एवं कल्याण को प्रोत्साहित करने वाला सहयोगात्मक माहौल तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। होम सर्विसेज के बड़े पैमाने पर असंगठित क्षेत्र को व्यवस्थित स्वरूप देने के उद्देश्य से टेक्नोलॉजी के माध्यम से ग्राहकों को अधिक पारदर्शिता, विकल्प और भरोसे के साथ सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। इसका प्लेटफॉर्म ग्राहकों को एसी सर्विसिंग एवं रिपेयर, होम अप्लायंसेज, क्लीनिंग, ब्यूटी एवं वेलनेस, प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल और अन्य घरेलू रखरखाव सेवाओं सहित विभिन्न श्रेणियों में अपनी पसंद के सर्विस प्रोफेशनल्स चुनने की सुविधा प्रदान करता है।

ज्ञान डेयरी का दूध हुआ महंगा,नई दरें लागू

लखनऊ। ज्ञान डेयरी ने अपने सभी प्रकार के दूध की बिक्री कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। नई दरें बुधवार रात की आपूर्ति से प्रभावी होंगी। कंपनी के अनुसार फुल क्रीम दूध के दाम में चार रुपये प्रति लीटर, गाय के दूध में तीन रुपये और अन्य सभी श्रेणियों में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। कंपनी ने बताया कि उत्पादन लागत और किसानों से दूध खरीद दरों में लगातार बढ़ोतरी के चलते यह फैसला लेना पड़ा है, ताकि गुणवत्ता और आपूर्ति बनी रहे।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	मेसर्स मानसर अवेसनम/ प्रशांत तिवारी/ गीतांजलि मिश्रा/ गिरधारी प्रसाद तिवारी तिवारी/ 167105001998	आवासीय संपत्ति, जिसमें प्लॉट नंबर 31 (खसरा नंबर 337 के अंतर्गत) पर बना मकान शामिल है, इसका क्षेत्रफल 1000.00 वर्ग फुट (यानी 92.936 वर्ग मीटर) है, यह संपत्ति 28/01/2004 की सेल डीड (बिक्री विलेख) के तहत आती है और उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले (तहसील और परगना लखनऊ) के ग्राम उत्तरधौना (भर्तीपुरम) में स्थित है (पिन कोड: 226010), इसके मालिक गिरधारी प्रसाद तिवारी तिवारी हैं, चतुर्सीमा- उत्तर में 20 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में प्लॉट समिति, पूर्व में प्लॉट समिति और पश्चिम में प्लॉट समिति, सांकेतिक कब्ज़े की तिथि नवंबर 06, 2026	जनवरी 14, 2026 रु. 19,91,848.96/-	लखनऊ
2.	केसरी इंटरप्राइजेज/अनीता गुप्ता/ शशांक गुप्ता/ विनोद कुमार गुप्ता/ शंकर गुप्ता/ ज्योति गुप्ता/ सुधा कांत/ प्रमोद सिंह/ मितुल कुमार सिंह/ रानी कपूर/ सचिन कपूर/ अमित कपूर/ 032505008890	पता - 2: मकान संख्या-एमएम-308, क्षेत्रफल- 98.515 वर्ग मीटर, सेक्टर-डी अलीगंज में स्थित है, वार्ड महाकवि जय शंकर प्रसाद, लखनऊ- 226001 उत्तर प्रदेश, पूर्वः-एमएम-309, पश्चिमः-एमएम-307, चतुर्सीमा- उत्तरः- सड़क, दक्षिणः- एमएमआईजी/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि नवंबर 06, 2026	जून 12, 2026 रु. 40,24,213.97/-	लखनऊ

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : नवंबर 12, 2026, स्थान : लखनऊ — भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालय: ऑफिस नं. 501 एवं 503, पांचवी मंजिल, लाईटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी पूर्व, मुम्बई सबअर्बन (जिला) महाराष्ट्र 400072
सीतापुर शाखा: मोहल्ला लोहार बाग भावना, भवन क्रं. 15/1/352, आई हॉस्पिटल रोड, संतोषी माता मंदिर के पास, सीतापुर, परगना खैराबाद, तहसील और जिला सीतापुर - 261001 (उत्तर प्रदेश) **प्राधिकृत अधिकारी: दिलीप सिंह जादौन, सम्पर्क नंबर 8319021816**

निजी संधि के माध्यम से सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत संपत्ति की बिक्री के हेतु सूचना

चूँकि आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL) के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत सुरक्षित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। और चूँकि प्राधिकृत अधिकारी ने पहले ई-नीलामी नोटिस जारी किए थे लेकिन कोई सफल बोलीकर्ता को आकर्षित नहीं कर सका, और अब उसने नीचे दी गई सुरक्षित संपत्ति को निजी समझौते के माध्यम से विक्रय करने का फैसला किया है। प्राधिकृत अधिकारी को इस संबंध में कुछ इच्छुक व्यक्तियों से सुरक्षित संपत्ति की खरीद के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्राधिकृत अधिकारी एतद् द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 एवं 9 के संदर्भ में उपरोक्त संपत्ति की निजी समझौते के माध्यम से बिक्री के लिए आम तौर पर उधारकर्ताओं को यह नोटिस दे रहा है। खाते का विवरण इस प्रकार है:

क्र.	लोन कोड नं. /शाखा	ऋणी/सह-ऋणी का नाम	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	आरक्षित मूल्य (RP)	कुल बकाया ऋण राशि 05-11-2026 तक	सुरक्षित संपत्ति का विवरण
1.	(लोन कोड नं. 11900000107 / सीतापुर शाखा)	राघवेन्द्र मिश्रा (ऋणी) शालिनी मिश्रा (सह-ऋणी) मानस कुमार एवं मानस कुमार (जमानतदार)	18-07-2022 & ₹ 6,96,185/-	₹ 5,00,000/-	₹ 13,88,853/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मकान खसरा नं. 475 का भाग, गांव अटारिया, परगना मानवा, जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश- 261303, चतुर्सीमाएँ: पूर्वः अजय का मकान, पश्चिमः 03.03 मीटर रास्ता, उत्तरः संजय का मकान, दक्षिणः 03.03 मीटर रास्ता

यह सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत 15 दिन का बिक्री नोटिस जो उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता एवं जमानतदार को दिया जाता है कि उपरोक्त वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है और जिसका **भौतिक कब्जा** प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे 'जैसा है जहाँ है', 'जैसी है वैसी है', और 'जो भी है' के आधार पर निजी समझौते के माध्यम से बेचा जाएगा, ताकि आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को देय राशि की वसूली की जा सके। यदि उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) के पास कोई ऐसा खरीदार है जो दी गई आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर सुरक्षित संपत्ति खरीदने के लिए तैयार है, तो उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) को **02-12-2026** से एक दिन पहले AHFL को सूचित करना होगा, जिसके बाद AHFL उस खरीदार को वरीयता देगा। यदि उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) **02-12-2026** से एक दिन पहले सूचित करने में विफल रहते हैं, तो AHFL ऊपर दिए गए आरक्षित मूल्य पर संपत्ति की बिक्री के लिए आगे बढ़ेगा। यह संपत्ति AHFL को ज्ञात या अज्ञात, सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाए के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। क्रेता को अपनी संतुष्टि के लिए संपत्ति (निजी समझौते के माध्यम से बिक्री के तहत) से संबंधित सभी पहलुओं पर उचित जांच पड़ताल करनी चाहिए। क्रेता बाद की तारीख में इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार के खिलाफ कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा। **विक्रय की दिनांक 02-12-2026 तय की गई है।** यह समाचार पत्र एवं इसमें निहित जानकारी सामान्य जन-प्रसार के लिए है। इस विज्ञापन के किसी भी हिस्से या पूरे भाग को किसी भी रुप या माध्यम से-चाहे वह प्रिंट, डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशन, ई-मेल, वेब प्रकाशन हो या कोई अन्य तरीका-पुनः प्रस्तुत करना, वितरित करना, प्रसारित करना या फिर से प्रकाशित करना पूरी तरह से वर्जित है। किसी भी माध्यम से इस सामग्री का कोई भी अनधिकृत उपयोग किए जाने पर AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

स्थान : उत्तर प्रदेश, दिनांक : 12.11.2026